कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फोरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या : 2586 /1जी–FP/UK/ROAD/9405/2015 **देहरादूनः दिनांकः** 16 **मार्च, 2015**

सेवा में,

वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त
पौड़ी गढ़वाल

विषयः– Nauli bazar – Thapli Motor Road – FP/UK/ROAD/9405/2015
संदर्भः प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ का पत्रांक 2774/12-1 दिनांक 7-3-2015

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक ऑनलाइन प्रेषित वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के कम में इस कार्यालय की पत्रांक 2421/1जी. FP/UK/ROAD/9405/2015 दिनांक 27–2–2015 द्वारा प्रेषित आपत्तियों के बिंदु सं0 1 के कम में प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा सूचित किया है कि उनकी अनुपस्थिति में स्थल निरीक्षण आख्या पर हस्ताक्षर करने हेतु उप प्रभागीय वनाधिकारी तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को अधिकृत किया गया है तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षार किया है।

यह प्रत्युत्तर स्वीकार्य नहीं है। वन भूमि हस्तांतरण प्रकरणों में स्थल निरीक्षण उप वन संरक्षक स्तर से अनिम्न अधिकारी द्वारा किया जाना है तथा उनके द्वारा ही स्थल निरीक्षण आख्या में हस्ताक्षर किया जाना है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हस्ताक्षर के ऊपर नाम (N.N.Pandey) लिखा हुआ है तथा मोहर भी प्रभागीय वनाधिकारी का है। उक्त स्थल निरीक्षण आख्या में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण दिनांक 19.1.2015 को किया गया बताया गया है *("The site inspection of the land involved in the proposal has been done **by me** on date 19-1-2015")* तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का हस्ताक्षर की तिथि भी 19.1.2015 अंकित है। इस प्रकार प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अपनी गलतियों को बचाने हेतु भ्रामक स्पष्टीकरण दिया गया प्रतीत होता है जिससे उनकी अनुशासनहीनता परिलक्षित होता है।

अतः प्रभागीय वनाधिकारी का स्वयं का हस्ताक्षरित स्थल निरीक्षण आख्या इस आपत्ति के प्रत्युत्तर के रूप में आनलाईन प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि उक्त वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्यवाही किया जा सके।

भवदीय,

(एस.टी.एस.लेप्चा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी

।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

पत्रांक २७७५ / १२-१ दिनांक, गोपेश्वर, मार्च, ०७ /2015

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी देहरादून।

द्वाराः— वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

विषयः— **Nauli Bazar – Thapali Motor Road – FP/UK/ROAD/9405/2015**

सन्दर्भः— आपका पत्रांक 2421 / 1जी0– FP/UK/ROAD/9405/2015 दिनांक 27–02–2015.

महोदय,

आपके उपरोक्त विषयक ऑनलाईन प्रपोजल में लगायी गयी आपत्तियों के क्रम में अवगत करना है कि अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने के कारण साईट इन्सपेक्सन रिपोर्ट पर हस्ताक्षर के लिये उप प्रभागीय वनाधिकारी चमोली एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बद्रीनाथ वन प्रभाग को अधिकृत किया गया था। साईट इन्सपेक्सन रिपोर्ट पर वरिष्ट प्रशासनिक अधिकारी बद्रीनाथ वन प्रभाग के हस्ताक्षर हैं। क्र0सं0–2 पर लगायी गयी आपत्ति के क्रम में अवगत करना है कि पार्ट 2 में उप वन संरक्षक बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर चमोली की मुहर के नीचे वन भूमि हस्तान्तरण की संस्तुति की जाती है, लिखा गया है। कृपया इसे ध्यान से देखने तथा प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

(एन0एन0 पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।